# चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2008 I

## हल प्रश्न-पत्र

### (स्मृति पर आधारित)

नोट-वर्ष 2008 में आयोजित जिलेवार लेखपाल परीक्षा के स्मृति पर आधारित दो प्रश्न-पत्र प्रस्तुत किये जा रहे हैं। प्रश्नों की प्रकृति एवं प्रवृत्ति के अनुकूल सम्प्रति सामग्री प्रतियोगियों के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध होगा। ध्यातव्य हो कि उस समय प्रत्येक खण्ड से सम्बन्धित 15-15 प्रश्न ही पूछे गये हैं।

## सामान्य हिन्दी

**1. निम्न विकल्पों में किसके लिए 'गांगेय' शब्द प्रयुक्त हुआ है-**

(a) कर्ण (b) युधिष्ठिर (c) भीष्म (d) परिक्षित

**उत्तर-(c)** गांगेय का अर्थ गंगा का पुत्र (भीष्म) होता है।

**2. 'अंधा युग' किसकी रचना है?**

(a) धर्मवीर भारती (b) मन्नू भण्डारी
(c) ऊषा प्रियंवदा (d) शैलेष मटियानी

**उत्तर-(a)**

**3. 'जो सदा सत्य बोलता है, उसकी सदैव प्रशंसा होती है', यह किस प्रकार का वाक्य है?**

(a) साधारण वाक्य (b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य (d) उपवाक्य

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**जिस वाक्य में एक वाक्य प्रधान हो और अन्य वाक्य उसके अधीन हो, मिश्रित वाक्य कहलाता है।

**4. सूर्योदय होने पर कौन पक्षी प्रसन्न होता है?**

(a) चातक (b) चक्रवाक (c) चकोर (d) हंस

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**ऐसी मान्यता है कि रात्रि में चक्रवाक नर एवं मादा पक्षी परस्पर विलग हो जाते हैं, सूर्योदय के उपरान्त इनका पुनः मिलन होता है।

**5. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?**

(a) उत्तम पुरुष (b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**वह सर्वनाम जिसका प्रयोग बोलने वाला स्वयं के लिए करता है, उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम कहा जाता है।

**6. अनेकार्थी शब्द 'अंक' के विकल्पों में से कोई एक विकल्प गलत है, उसका चयन कीजिए-**

(a) गोद (b) हृदय (c) अध्याय (d) ब्रम्हा

**उत्तर-(d)**

**7. जय-पराजय में कौन सा समास है?**

(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व (c) तत्पुरुष (d) अव्ययी भाव

**उत्तर-(b)**

**व्याख्या-**जिस सामासिक शब्द के दोनों पद प्रधान होते है तथा उनके मध्य में 'और' शब्द का लोप हो वहाँ द्वन्द्व समास होता है।

**8. पर्वतीय शब्द का वाक्यांश होगा-**

(a) जो पर्वत पर रहने वाला हो (b) जो पर्वत पर उगने वाला हो
(c) जो पर्वत पर घूमने वाला हो (d) जो पर्वत पर चढ़ने वाला हो

**उत्तर-(a)**

**9. "जिसका कोई अंत नहीं होता" के लिए एक शब्द लिखिए-**

(a) आदि (b) अनंत (c) अनादि (d) अननंत

**उत्तर-(b)**

**10. "एक लाठी से हाँकना" मुहावरे का अर्थ है-**

(a) अच्छे-बुरे का अंतर न करना (b) समान दृष्टि रखना
(c) कुछ भी न कर पाना (d) गलत काम करना

**उत्तर-(a)**

**11. तरणि का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) सूर्य (b) नाव (c) युवती (d) नदी

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**'तरणि' शब्द सूर्य का पर्यायवाची है, जबकि तरिणी नाव का पर्याय है।

**12. निम्न में से कौन संधि का उदाहरण नहीं है?**

(a) नरेश (b) सम्राट (c) नारीन्द्र (d) देवर्षि

**उत्तर-(b)**

**13. निम्न समूह से सही शब्द चुनकर लिखें-**

(a) वैदेही (b) चनचल (c) धोबी (d) भ्रष्ट

**उत्तर-(c)**

**14. निम्न में से तत्सम शब्द चुनिए-**

(a) चौपाया (b) चारपाया (c) चतुष्पद (d) चार पैर

**उत्तर-(c)**

**व्याख्या-**'चतुष्पद' तत्सम शब्द है। इसका तद्भव 'चौपाया' होता है।

**15. निम्न विकल्पों में से अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए-**

(a) बिजली गरज रही है (b) बिजली चमक रही है
(c) रात का भोजन अच्छा था (d) आपके दर्शन पर्याप्त होंगे

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**'बिजली गरज रही है' वाक्य अशुद्ध है। 'गरजना' बिजली की प्रकृति नहीं है, यह बादल की प्रकृति है।

## सामान्य-ज्ञान

**16. केसर का सर्वाधिक उत्पादन कहाँ होता है?**

(a) जम्मू-कश्मीर (b) केरल
(c) तमिलनाडु (d) हिमाचल प्रदेश

**उत्तर-(a)**

**व्याख्या-**केसर क्रोकस सैटिवस नामक पौधे के पुष्प की वर्तिका से प्राप्त होता है। भारत में सर्वाधिक उत्पादन जम्मू-कश्मीर राज्य से होता है।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

17. हमारे राष्ट्रगान में निम्न में किसका उल्लेख किया गया है?
(a) हिन्द महासागर (b) अरब सागर
(c) सिन्धु (d) प्रशांत महासागर
उत्तर-(c)

व्याख्या-हमारे राष्ट्रगान में 'पंजाब, सिंधु, गुजरात, मराठा, द्राविण, उत्कल, बंग' का उल्लेख है।

18. केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कहाँ स्थित है?
(a) नई दिल्ली (b) पटना (c) कटक (d) उड़ीसा
उत्तर-(c)

व्याख्या-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक में स्थित है। इसकी स्थापना 23 अप्रैल, 1946 में हुई थी।

19. भारत में प्रथम खुला विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था-
(a) हैदराबाद (b) नई दिल्ली (c) पटना (d) गोरखपुर
उत्तर-(a)

व्याख्या-प्रथम खुला विश्वविद्यालय डॉ. बी.आर. अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (हैदराबाद) है। इसकी स्थापना 26 अगस्त, 1982 में की गयी थी।

20. मानव शरीर में यूरिया की अधिकतम मात्रा पायी जाती है-
(a) मूत्र में (b) रक्त में (c) हृदय में (d) पसीने में
उत्तर-(a)

व्याख्या-मानव मूत्र में यूरिया 9.0 से 9.5 ग्राम प्रति लीटर होती है।

21. उत्तर प्रदेश में कुंभ मेले का आयोजन कहाँ पर होता है?
(a) हरिद्वार (b) उज्जैन (c) प्रयाग (d) वाराणसी
उत्तर-(c)

22. सूर्य और पृथ्वी के बीच चन्द्रमा कब आता है?
(a) चन्द्रग्रहण में (b) सूर्यग्रहण में
(c) पूर्णिमा के दिन (d) नक्षत्र परिवर्तन में
उत्तर-(b)

व्याख्या-जब सूर्य और पृथ्वी के बीच चन्द्रमा आ जाता है तो ऐसी स्थिति में सूर्यग्रहण होता है। यह हमेशा अमावस्या को ही होता है।

23. निम्न में रबी की फसल कौन सी है?
(a) मूँगफली (b) कपास (c) पटसन (d) चना
उत्तर-(d)

24. निम्नलिखित में से कौन विश्व का सबसे छोटा महासागर है?
(a) प्रशांत (b) हिन्द (c) अटलांटिक (d) आर्कटिक
उत्तर-(d)

व्याख्या-आर्कटिक महासागर विश्व का सबसे छोटा एवं उथला महासागर है। यह महासागर पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इसलिये इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं।

25. निम्न में से कौन सा राज्य महाराष्ट्र की सीमा है?
(a) गुजरात (b) राजस्थान (c) तमिलनाडु (d) केरल
उत्तर-(a)

व्याख्या-महाराष्ट्र भारत देश की आर्थिक राजधानी है यह देश के पश्चिम भाग में स्थित है। गुजरात इसकी सीमा पर है।

26. भारत में सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है?
(a) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (b) गिर वन्यजीव अभ्यारण्य
(c) जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान (d) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
उत्तर-(c)

व्याख्या-जिम कार्बेट पार्क की स्थापना उत्तराखण्ड राज्य में 1936 में हेली नेशनल पार्क के रूप में की गयी थी।

27. निम्नलिखित में से कौन-सा देश सार्क का सदस्य देश नहीं है?
(a) बांग्लादेश (b) मालदीव (c) चीन (d) श्रीलंका
उत्तर-(c)

व्याख्या-सार्क दक्षिण एशिया के आठ देशों का आर्थिक और राजनीतिक संगठन है। इसके सदस्य देश हैं-भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, भूटान और अफगानिस्तान।

28. ISRO का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) मुंबई (b) चेन्नई (c) बैंगलोर (d) कोलकाता
उत्तर-(c)

व्याख्या-इसरो का पूरा नाम 'इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन' है। यह भारत का एक राष्ट्रीय अंतरिक्ष संस्थान है, जिसका मुख्यालय बेंगलुरु, कर्नाटक में है।

29. भारत की अग्रणी जांच एजेंसी को ____ कहा जाता है
(a) एनआईसी (b) सीबीआई (c) सीआईए (d) डीआईआर
उत्तर-(b)

व्याख्या-सी बी आई (सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन) भारत की अग्रणी जाँच एजेंसी है।

30. भारत के पहले गवर्नर जनरल कौन थे?
(a) सर जॉन मैकफर्सन (b) कार्नवालिस
(c) वारेन हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड मिंटो
उत्तर-(c)

व्याख्या-1773 के रेग्यूलेटिंग एक्ट के आधार पर वारेन हेस्टिंग्स को बंगाल का गवर्नर जनरल बनाया गया।

## ग्रामीण जानकारी

31. भूमि की पैमाइश (नाप) का कार्य कौन-सा विभाग करता है?
(a) शिक्षा विभाग (b) चिकित्सा विभाग
(c) राजस्व विभाग (d) भू-प्रबन्ध विभाग
उत्तर-(c)

व्याख्या-भूमि की पैमाइश राजस्व विभाग द्वारा होता है।

32. भूमि का उपयोग करने के एवज में किसानों से वसूल किया जाने वाला टैक्स कौन-सा है?
(a) आयकर (b) विक्रय कर (c) लगान (d) उपकर
उत्तर-(c)

व्याख्या-किसानों से भूमि का उपयोग करने के एवज में लगान लिया जाता है।

33. किस प्रदेश को 'धान का कटोरा' कहा जाता है-
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) उड़ीसा (d) छत्तीसगढ़
उत्तर-(d)

34. धरातल पर मापी गई क्षैतिज दूरियां, कोणों एवं ऊंचाइयों को मानचित्र पर प्रदर्शित करने की कला को क्या कहते हैं?
(a) मानचित्र कला (b) सर्वेक्षण कला
(c) मानचित्रांकन (d) धरातल प्रदर्शन कला
उत्तर-(b)

व्याख्या-धरातल पर मापी गई क्षैतिज दूरियां, कोणों एवं ऊंचाइयों को सर्वेक्षण कला कहते हैं।

35. जमाबन्दी तैयार की जाती है-
(a) आठ प्रतियों में (b) चार प्रतियों में
(c) दो प्रतियों में (d) छः प्रतियों में
उत्तर-(c) जमाबन्दी दो प्रतियों में तैयार की जाती है।



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

36. भारत की प्रमुख खाद्यान्न फसल है?
(a) चावल (b) आलू (c) टमाटर (d) ज्वार
उत्तर-(a) भारत की प्रमुख फसल चावल और गेहूँ है।

37. सर्वाधिक प्रोटीन पाया जाता है?
(a) अरहर में (b) सोयाबीन में (c) गेहूँ में (d) उर्द में
उत्तर-(b)

व्याख्या-सोयाबीन में प्रोटीन की मात्रा सर्वाधिक पायी है। इसके बाद अरहर में।

38. 'पूसा गोल्ड' किस्म है-
(a) धान की (b) सरसों की (c) गेहूँ की (d) अरहर की
उत्तर-(b) पूसा गोल्ड सरसों की किस्म है।

39. 'नाबार्ड' जो एक ग्रामीण विकास के लिए ऋण देता है, वह है एक -
(a) विभाग (b) बोर्ड (c) खण्ड (d) बैंक
उत्तर-(d)

व्याख्या-12 जुलाई, 1982 में कृषि तथा ग्रामीण विकास के लिए नाबार्ड (बैंक) की स्थापना की गई।

40. देश का प्रथम राज्य कृषि विद्यालय है-
(a) जबलपुर (b) लुधियाना (c) पंत नगर (d) हिसार
उत्तर-(c)

व्याख्या-गोविन्द वल्लभ पंत के नाम पर प. जवाहर लाल नेहरू द्वारा 17 नवम्बर, 1960 में पंत नगर में इसकी स्थापना की गई थी।

41. देश का प्रथम कृषि विज्ञान केन्द्र कहाँ स्थित है?
(a) पंतनगर (b) कानपुर (c) लुधियाना (d) पुडुचेरी
उत्तर-(d) पुडुचेरी में स्थित है।

42. खरीफ ऋतु की फसले हैं-
(a) चना, मटर, मसूर
(b) ज्वार, बाजरा, ढैंचा
(c) आलू सरसो फूल गोभी
(d) उक्त में कोई नहीं
उत्तर-(b)

व्याख्या-ध्यातव्य हो कि ज्वार, बाजरा, ढैंचा और धान खरीब फसले हैं। जबकि गेहूँ, चना, मटर, रबी की फसलें हैं।

43. धान के लिए सर्वाधिक उपजाऊ भूमि कौन सी है?
(a) दोमट (b) काली (c) बलुई (d) जलोढ़
उत्तर-(a)

व्याख्या-धान के लिए सर्वाधिक उपजाऊ मिट्टी दोमट होती है जबकि काली मिट्टी कपास के लिए सर्वाधिक उपयोगी है।

44. एक कृषि खेत के मापन की सर्वोत्तम विधि क्या होगी?
(a) जरीब द्वारा
(b) प्लेन टेबल द्वारा
(c) प्रिज्मेटिक कम्पास द्वारा
(d) थियोडोलाइट द्वारा
उत्तर-(a)

व्याख्या-जरीब द्वारा एक कृषि खेत के मापन की सर्वोत्तम विधि है।

45. 'कुटीर ज्योति योजना' से निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम सम्बन्धित है?
(a) ग्रामीण बेरोजगा युवकों को रोजगार दिलाना
(b) ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देना
(c) ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को विद्युत उपलब्ध कराना
(d) उपरोक्त सभी
उत्तर-(c)

व्याख्या-कुटीर ज्योति योजना ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को विद्युत उपलब्ध कराना।

## सामान्य गणित

46. एक वस्तु पर जब 31% की छूट दी जाये, तो उसकी कीमत 621 रुपये होती है। इसका वास्तविक मूल्य क्या है?
(a) रु. 1310 (b) रु. 900 (c) रु. 913.51 (d) रु. 192.51
उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

वस्तु का वास्तविक मूल्य $= \frac{621 \times 100}{69} = 900$

47. 64 का 11/4वाँ है-
(a) 196 (b) 210 (c) 176 (d) 180
उत्तर-(c)

**प्रश्न का हल**

$$64 \times \frac{11}{4} = 176$$

48. राम एवं रघु की वर्तमान आयु का अनुपात 2 : 5 है। पाँच वर्षों के पश्चात उनकी आयु का अनुपात 4 :7 गया। राम की वर्तमान आयु क्या है-
(a) 17 (b) 13 (c) 10 (d) 5
उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

माना राम की वर्तमान आयु = 2x, रघु की वर्तमान आयु = 5x

प्रश्नानुसार, $\frac{2x+5}{5x+5} = \frac{4}{7}$

$14x + 35 = 20x + 20 \Rightarrow 6x = 15 \Rightarrow x = 2.5$

अतः राम की वर्तमान आयु $= 2 \times 2.5 = 5$ वर्ष

49. 48 का 3/4वाँ है।
(a) 38 (b) 36 (c) 0 (d) कोई नहीं
उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

$$48 \times \frac{3}{4} = 36$$

50. जब आप 759 को 16 से विभाजित करते हैं तो शेष :
(a) 7 (b) 4 (c) 0 (d) 5
उत्तर-(a)

**प्रश्न का हल**

16 ) 759 ( 47
64
119
112
7

51. एक 22 × 14 मीटर की आयताकार धातु शीट को खोखले पाइप में परिवर्तित कर दिया गया। यदि पाइप की लम्बाई 14 मी है, तो उसकी त्रिज्या क्या होगी?
(a) 7 मी. (b) 11 मी. (c) 14 मी. (d) 3.5 मी.
उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

h = 14, पाइप का क्षेत्रफल $= 2\pi rh$

$2\pi rh = 22 \times 14$

$2 \times \frac{22}{7} \times r \times 14 = 22 \times 14 \Rightarrow r = \frac{7}{2} = 3.5m.$



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

**52. 25 के पहले सात गुणकों का औसत है-**

(a) 125 (b) 150 (c) 75 (d) 100

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

25 के पहले सात गुणक = 25+50+75+100+125+150+175

$$\text{औसत} = \frac{\text{गुणक का योग}}{\text{गुणक की संख्या}} = \frac{700}{7} = 100$$

**53. एक टीवी पर 8% लाभ पाने के लिए रूपये 17000 मूल्य के टीवी को किस कीमत पर बेचना चाहिए?**

(a) रु. 21,000 (b) रु. 20,000 (c) रु. 19,000 (d) रु. 18,360

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

$$\text{विक्रय मूल्य} = \frac{17000\times108}{100} = 18,360 \text{ रु.}$$

**54. समानांतर चतुर्भज का आधार उसकी ऊँचाई से तिगुना है। यदि क्षेत्रफल 192 सेमी वर्ग है, तो समानांतर चतुर्भुज का आधार और ऊँचाई क्रमश: ____और____ हैं**

(a) 24 सेमी, 8 सेमी (b) 21 सेमी, 7 सेमी

(c) 18 सेमी, 6 सेमी (d) 27 सेमी, 9 सेमी

उत्तर-(a)

**प्रश्न का हल**

माना आधार 3x और ऊचाई x सेमी. है।

समांतर चतुर्भज का क्षे. = आधार × क्षे. = b × h

प्रश्नानुसार, समांतर चतुर्भुज का क्षे. = 3x × x

$192 = 3x^2 \Rightarrow 64 = x^2$

$x = 8$

अत: आधार = 3x = 3×8 = 24 सेमी.

ऊँचाई = x = 8 सेमी

**55. एक शहर की आबादी 3,40,000 है। यदि यह प्रतिवर्ष 5% के निश्चत दर से बढ़ती है, तब दो वर्षों के पश्चात आबादी क्या होगी?**

(a) 3,77,800 (b) 3,74,850 (c) 3,74,000 (d) 3,76,100

उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

$$340000\left(\frac{105}{100}\right)^2 \Rightarrow 340000\times\frac{21}{20}\times\frac{21}{20} \Rightarrow 374850$$

**56. A, B से दो गुना अच्छा श्रमिक है। वे एक साथ एक कार्य को 14 दिन में समाप्त कर देते हैं। B को अकेले इस कार्य को समाप्त करने में कितने दिन का समय लगेगा?**

(a) 21 (b) 28 (c) 42 (d) 35

उत्तर-(c)

**प्रश्न का हल**

क्षमता A : B = 2 : 1, समय A : B = 1 : 2

$$\text{प्रश्न से, } \frac{1}{x}+\frac{1}{2x}=\frac{1}{14} \Rightarrow \frac{2+1}{2x}=\frac{1}{14} \Rightarrow 42 = 2x$$

$\Rightarrow x = 21$ दिन

B को अकेले इस कार्य को समाप्त करने में लगा समय-

= 2x = 2 × 21 = 42 दिन

**57. क्रय मूल्य पर प्राप्त कितने प्रतिशत लाभ, विक्रय मूल्य पर प्राप्त 30% लाभ के बराबर है?**

(a) 20% (b) 305 (c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) $42\frac{6}{7}\%$

उत्तर-(d)

**प्रश्न का हल**

माना विक्रय मूल्य = 100, लाभ = 30

∴ क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य − लाभ = 100 − 30 = 70

$$\text{क्रय मूल्य पर प्राप्त प्रतिशत लाभ} = \frac{30\times100}{70} = 42\frac{6}{7}\%$$

**58. यदि शक्कर की कीमत में 25% की कमी होती है, तो शक्कर की खपत में कितने प्रतिशत की वृद्धि की जाए ताकि व्यय अपरिवर्तित रहे?**

(a) 20% (b) 25% (c) $33\frac{1}{3}\%$ (d) 50%

उत्तर-(c)

**प्रश्न का हल**

किसी वस्तु की कीमत में x% की कमी होने पर वस्तु के व्यय को अपरिवर्तित रखने के लिए खपत में

$$\text{प्रतिशत वृद्धि} = \left(\frac{x}{100-x}\right)\times100$$

अत: शक्कर की कीमत में प्रतिशत वृद्धि

$$= \left(\frac{25}{100-25}\right)\times100 = \frac{25}{75}\times100 = 33\frac{1}{3}\%$$

**59. एक घन की ऊँचाई क्या है जिसका आयतन 729 मी³ है**

(a) 13 मीटर (b) 17 मीटर (c) 9 मीटर (d) 10 मीटर

उत्तर-(c)

**प्रश्न का हल**

घन का आयतन = 729 मीटर³

$a^3$ = 729 घन मीटर (घन की भुजा = a)

$a^3 = 9^3 \Rightarrow a = 9$ मीटर

∵ घन की ऊँचाई = घन की भुजा = 9 मीटर

**60. यदि किसी संख्या का 35 प्रतिशत 700 है, तो उसी संख्या का 50 प्रतिशत कितना होगा?**

(a) 2000 (b) 1000 (c) 3500 (d) 1400

उत्तर-(b)

**प्रश्न का हल**

माना संख्या x हैं।

$$\text{प्रश्नानुसार, } x\times\frac{35}{100} = 700 \Rightarrow x = \frac{700\times100}{35} \Rightarrow x = 2000$$

$$\text{अत: संख्या का } 50\% = x\times\frac{50}{100} = 2000\times\frac{50}{100} = 1000$$



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/